हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 218 देहरादून, बुधवार, 21 फरवरी 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



किसान आंदोलन और MSP पर यशपाल आर्य ने बीजेपी को घेरा 3

# रामलला को देख भावुक हुए सीएम धामी, कैबिनेट पहुंची अयोध्या






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अयोध्या , 21 फ़रवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए।मुख्यमंत्री धामी मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे श्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में पहुंचे पर मुख्यमंत्री धामी और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ।

इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी श्री अयोध्या धाम में प्रभु राम को साष्टांग नमन कर पूजा अर्चना की।

दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लोकसभा निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की

## एयर एम्बुलेंस, केशलेस उपचार की व्यवस्था, मेडिकल किट्स की उपलब्धता के निर्देश दिए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 21 फ़रवरी , मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत शिक्षा एवं सम्बन्धित विभागों को राज्य में सभी 11729 पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं हेतु पेयजल एवं शौचालय, बिजली, पर्याप्त फर्नीचर, शेड तथा दिव्यांगजनों तथा बुजर्ग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हील चेयर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।





निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं तथा आकस्मिक चिकित्सा उपचार की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव ने एक एयर एम्बुलेंस, केशलेस उपचार की व्यवस्था, मेडिकल किट्स की उपलब्धता आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमें केजुअल्टी फ्री इलेक्शन 2024 के विजन के साथ कार्य करना है। मुख्य सचिव ने सभी निर्वाचन कार्मिकों की हेल्थ स्क्रीनिंग करवाने एवं जिला स्तरीय मेडिकल कमेटी के माध्यम से इस सम्बन्ध में मार्गदर्शन लेने के निर्देश दिए।

आबकारी विभाग को विशेषरूप से निर्देश देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अवैध शराब की जमाखोरी तथा तस्करी को पूरी तरह से रोकने के लिए पुलिस तथा आबकारी का जॉइन्ट ऑपरेशन चलाने, शराब की उत्पादन ईकाइयो, गोदामों तथा लाइसेन्स वाली दुकानों की सीसीटीवी से निगरानी करने, अर्न्तराज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट एवं कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी चेक पोस्ट की भी सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को अपने विभाग में राज्य स्तर, जिला स्तर तथा ब्लॉक स्तर पर निर्वाचन नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी सरकारी कार्मिकों, निर्वाचन की ड्यूटी में लगें कार्मिकों, पुलिस कर्मियों को पोस्टल बैलेट या ईडीसी के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में कुल 189000 सरकारी कार्मिक, 5700 होम गाड्र्स, 9487 पीआरडी कर्मी तथा लगभग 25000 उपनल कार्मिकों मिलाकर कुल 229187 मतदाता हैं। यदि शत प्रतिशत कार्मिक अपने मतदान का प्रयोग करते हैं तो मतदान प्रतिशत में 2.78 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मुख्य सचिव ने सभी विभागों एवं कार्यालयों को अपने शत प्रतिशत कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सचिव सैनिक कल्याण को सभी जिलों में सर्विस वोटर्स की लिस्ट अपडेट करने तथा सर्विस वोटर्स के शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने श्रम विभाग को सभी श्रमिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कर्मियों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए फैक्ट्री एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, एल फैनई, एडीजी ए पी अंशुमान, मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा0 बी वी आर सी पुरूषोतम सहित विभिन्न सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# मर्दाना ताक़त बटोरने के लिए गधों को मार रहा चीन !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 फ़रवरी , अपने कुकृत्यों के लिए बदनाम चीन, गधों की जान का दुश्मन बन गया है. हर साल 60 लाख गधों की मौत की वजह बन रहा है. दुनिया भर में गधों और खच्चरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करने वाली ब्रिटेन की संस्था 'द डंकी सेंचुरी' (The Donkey Sanctuary) ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. हालिया रिपोर्ट में बताया है कि हर साल करीब 6 मिलियन (60 लाख) गधों को मौत के घाट उतार दिया जा रहा है. सबसे बड़ा भागीदार चीन है. द डंकी सेंचुरी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि जिस तरीके से गधों को उनकी खाल के लिए मौत के घाट उतारा जा रहा है और बूचड़खानों में भेजा जा रहा है, अगर उसे फौरन नहीं रोका गया तो आने वाले 5 सालों में दुनिया भर में गधों की कुल संख्या अभी के मुकाबले आधी रह जाएगी.



कहां-कहां घट रही गधों की संख्या ?

The Donkey Sanctuary की रिपोर्ट के मुताबिक अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया ऐसी जगहें हैं, जहां सबसे तेजी से गधों की संख्या घट रही है. इन देशों में हजारों सैकड़ों अवैध बूचड़खाने खुल गए हैं, जो सिर्फ गधों का कत्ल कर रहे हैं. उनकी खाल और दूसरी चीजों को अवैध तरीके से चीन को एक्सपोर्ट किया जा रहा है. रिपोर्ट में बताया गया है इन बूचड़खानों में बीमार, बुजुर्ग गधों तक का कत्ल किया जा रहा है

द डंकी सेंचुरी के सीईओ माइक बेकर कहते हैं जिस तरीके से गधों का कत्ल किया जा रहा है, उससे इनके अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगा है. एशिया और अफ्रीकन कंट्री में गधों की बेतहाशा अवैध तस्करी की जा रही है. कई-कई दिन तक बहुत बुरे हालात में एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है. ना तो खाना मिलता है ना पानी. कई रास्ते में ही तड़प कर मर जाते हैं. इसके बावजूद तस्करों के लिए यह फायदे का सौदा है, क्योंकि मौत के बाद भी खाल बची रही है.

क्या है Ejiao जिसके लिए की जा रही गधों की हत्या ?

गधों की हत्या और तस्करी के पीछे सबसे बड़ा कारण एजियो है. जिसे 'कोला कोरी असीनी' या 'डंकी हाइड ग्लू' भी कहते हैं. चीन तमाम पारंपरिक दवाइयों में एजियो का इस्तेमाल करता है. खासकर यौनवर्धक, पौरुष शक्ति और ताकत बढ़ाने वाली दवाइयां. इसके अलावा एनीमिया से लेकर वाले स्किन केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक में एजियो का इस्तेमाल होता. चाय से लेकर खानपान की कई वस्तुओं में भी एजियो का इस्तेमाल किया जाता है.

एजियो गधे की खाल से निकाले गए कोलेजन से बनता है. जब खाल से इसे निकाल लिया जाता है तो बार, गोलियों या तरल रूप में दूसरी चीजें मिलाकर प्रोड्यूस किया जा सकता है या उत्पाद का रूप दिया जाता है. thedonkeysanctuary की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में एजियो की भारी डिमांड है, लेकिन सप्लाई लिमिटेड है.एजियो को ब्लैक गोल्ड भी कहा जाता है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी एक से डेढ़ लाख रुपये किलो के बीच है. क्वालिटी के मुताबिक रेट कम या और ज्यादा भी हो सकता है.

# ये है दफ्तर लेट आने के 10 सुपरहिट इंडियन बहाने

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 फ़रवरी , अक्सर ऑफिस पहुंचने पर कर्मचारी कुछ ना कुछ कारण जरूर बताते हैं। लेट पहुंचने पर बॉस भी मुंह टेढ़ा करते हैं और हिदायत देते हैं लेकिन कुछ बहाने ऐसे होते हैं, जिनके आगे बॉस भी पिघल सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही बहाने बताने जा रहे हैं, जिसका खूब उपयोग किया जाता है। अगर आप एम्प्लॉई है तो इन कारणों से खुद को रिलेट कर पाएंगे।

आपको कौन सा बहाना पसंद है Biggest Excuses

ट्रैफिक

कई बार लोग सच में ट्रैफिक की वजह से ऑफिस पहुंचने में लेट हो जाते हैं लेकिन बहाने के तौर पर भी इसे सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। ये ऐसा कारण है, शायद जिसका कोई सबूत मिलना भी मुश्किल होता है।

परिवार में कोई बीमार हो गया

लेट पहुंचने पर ये सबसे ज्यादा दिए जाने वाले बहानों में से एक है। इसका उपयोग अक्सर लोग करते हैं और परिवार के किसी एक सदस्य के बीमार होने की बात करते हैं लेकिन कहा जाता है कि इसका अक्सर लोग बहाने के तौर पर ही उपयोग करते हैं।

गाड़ी खराब होना

अब जब आपका साधन ही खराब हो जायेगा तो ऑफिस पहुंचने में देरी होगी ही। रास्ते में कार या बाइक खराब हो गई, ये बताना भी एक अच्छा कारण होता है।

कामवाली ही नहीं आई

अक्सर लोग घर के काम के लिए कामवाली रखते हैं, अगर कामवाली ना आए तो घर का काम भी करना पड़ जाता है, ऐसे में लोग इसका बहाना भी बनाते हैं।

पुलिस ने रोक लिया

सड़क मार्ग से आने-जाने वाले लोग अक्सर पुलिस द्वारा रोके जाने का भी बहाना बनाते हैं। कभी गाड़ी का कागज को लेकर तो कभी ट्रैफिक मूवमेंट को लेकर लोग पुलिस पर लेट होने का ठीकरा फोड़ देते हैं।

मेरा पेट (Pet) गायब हो गया

जब लोगों के पास कोई बहाना नहीं बचता तो लोग पेट (Pet) को भी बीच में ले आते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार कई लोग यह भी कहते हैं कि उनका पालतू घर से भाग गया था, इसलिए ऑफिस पहुंचने में देर हो गई।

नहीं आ रहा था पानी

जब घर में पानी ही नहीं आएगा तो लोग फ्रेश कैसे होंगे? और ऑफिस कैसे जा सकेंगे? ऐसे में एक सबसे कारगर बहानों में से एक है।



तबियत ठीक नहीं लग रही थी

वैसे तो तबियत को लेकर सबसे अधिक बहाने बनाये जाते हैं लेकिन देर होने पर भी लोग इसी बहाने का उपयोग करते हैं।

बैग हो गया चोरी

कुछ लोग तो यह भी कह देते हैं कि ऑफिस आने के दौरान उनका बैग, पर्स, मोबाइल चोरी हो गया, इस वजह से ऑफिस आने में देर हो गए।

किसी की मदद करने लगा

ऑफिस में देर आने पर जब कई बहाने कारगर साबित नहीं हुए और बॉस ने फटकार लगा दी तो 'बीच रास्ते में किसी की मदद' करने का बहाना उपयोग किया जाने लगा। यह कारगर है और इमोशनल होने की वजह से बॉस भी ज्यादा नहीं बोलते।

# मोदी राज में बदल गया बीजेपी का संविधान !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 फ़रवरी , लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के संविधान में कुछ संशोधन किए हैं. अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाना जरूरी नहीं है. किसे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना है, ये अधिकार अब संसदीय बोर्ड के पास है. पार्टी के संविधान में हुए संशोधन के मुताबिक, पद खाली होने पर संसदीय बोर्ड के सदस्य सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेंगे. ये प्रस्ताव पास होने के साथ ही बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकाल भी जून 2024 तक बढ़ा दिया गया है.

जून 2019 में जेपी नड्डा बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे. 20 जनवरी 2020 को वह पूर्णकालिक अध्यक्ष बने. जनवरी 2023 में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया था. अब उस फैसले पर राष्ट्रीय अधिवेशन ने भी मुहर लगा दी है. आइए इस स्टोरी में समझते हैं कि राजनीतिक पार्टियों के संविधान का क्या है महत्व, बीजेपी पार्टी के संविधान में पहले क्या नियम था,

क्यों बनाया जाता है राजनीतिक पार्टी का संविधान



संविधान पार्टी के सिद्धांत और विचारधारा को परिभाषित करता है. यह सदस्य और कार्यकर्ताओं को यह समझने में मदद करता है कि पार्टी किसके लिए खड़ी है और उसका लक्ष्य क्या है. संविधान में पार्टी के ढांचे और काम करने के तरीकों का जिक्र होता है.संविधान पार्टी के अनुशासन को बनाए रखता है. यह सदस्यों के लिए आचार संहिता स्थापित करता है और अनुशासनहीनता के लिए दंड का भी प्रावधान करता है.

राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए संविधान में क्या हुए बदलाव

18 फरवरी को बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने राष्ट्रीय अधिवेशन में आखिरी दिन संविधान के कुछ प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया. इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया. बीजेपी के संविधान में संशोधन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष और संसदीय बोर्ड की शक्तियों को बढ़ाया गया है. संशोधन के मुताबिक, अब पार्टी का संसदीय बोर्ड परिस्थिति के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ा या घटा सकता है. हालांकि पार्टी के संसदीय बोर्ड में कोई भी नया सदस्य बनाने या हटाने का अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा. अध्यक्ष के फैसले को मंजूरी के लिए संसदीय बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा.

क्यों बदला गया पार्टी का संविधान ?

बीजेपी ने पिछले साल ही जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाने का फैसला कर लिया था. माना जा रहा है कि यह संशोधन भविष्य में अध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए किया गया है. सबसे खास बात है कि चुनाव की लंबी और जटिल प्रक्रिया से आजादी मिलेगी, क्योंकि पार्टी का संसदीय बोर्ड बिना किसी चुनावी सिस्टम के अध्यक्ष का चयन कर सकता है.

# किसान आंदोलन और MSP पर यशपाल आर्य ने बीजेपी को घेरा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 फ़रवरी , उत्तराखंड के कद्दावर कोंग्रेसी लीडर और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बीजेपी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि जब से कांग्रेस ने MSP की कानूनी गारंटी देने का संकल्प लिया है, तब से बीजेपी के प्रचारतंत्र ने MSP पर झूठ की झड़ी लगा दी है और सोशल मीडिया पर सिर्फ़ किसानों, मज़दूरों और आदिवासियों का पक्ष रखने वाले हैंडल्स/ अकाउंट्स सरकार द्वारा ब्लॉक करवाए जा रहे हैं और भाजपा सरकार कहती है वह किसानों से बातचीत करना चाहती है?

किसानों ने केंद्र सरकार की शैतानी और चालाकी को समझ लिया है। उनकी नियत साफ़ नहीं है इसलिए उनके एक और झूठे ऑफर को ठुकरा दिया है। केंद्र सरकार कह रही है MSP की कानूनी गारंटी दे पाना भारत सरकार के बजट में संभव नहीं है। जबकि सच ये है कि CRISIL के अनुसार 2022-23 में किसान को MSP देने में सरकार पर ₹21,000 करोड़ का अतिरिक्त भार आता, जो कुल बजट का मात्र 0.4% है।

**किसानों के साथ हो रहे अन्याय का जल्द अंत होगा - यशपाल आर्य**

जिस देश में ₹14 लाख करोड़ के बैंक लोन माफ कर दिए गए हों, ₹1.8 लाख करोड़ कॉर्पोरेट टैक्स में छूट दी गई हो, वहां किसान पर थोड़ा सा खर्च भी इनकी आंखों को क्यों खटक रहा है?

MSP की गारंटी से कृषि में निवेश बढ़ेगा, ग्रामीण भारत में डिमांड बढ़ेगी और किसान को अलग अलग किस्म की फसलें उगाने का भरोसा भी मिलेगा, जो देश की समृद्धि की गारंटी है। जो MSP पर भ्रम फैला रहे हैं, वो डॉ. स्वामीनाथन और उनके सपनों का अपमान कर रहे हैं। MSP की गारंटी से भारत का किसान, बजट पर बोझ नहीं, GDP ग्रोथ का सूत्रधार बनेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय का जल्द ही अंत होगा। कांग्रेस ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार MSP की जो गारंटी दी है उसे लागू करने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है। साथ ही साथ किसानों को न्याय का हक़ दिलाने के लिए हम क़र्ज़ माफी समेत अन्य ज़रूरी कदम भी उठाएंगे।

## मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिलने पर आक्रोश

हल्द्वानी। खनस्यूं थाना क्षेत्र में बीते नवम्बर में सडक़ हादसे में 10 मृतकों में एक के परिजनों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। सरकार ने सभी मृतकों के परिजनों को दो लाख मुआवजा देने की घोषणा की थी। इससे आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार को बुद्ध पार्क में धरना देकर प्रदर्शन किया। एसटीएम धारी के आश्वासन के बाद परिजन घर को लौट गए। नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के छीड़ाखान- मीडार रोड पर अधौड़ा गांव से पांच किलोमीटर दूरी पर बीते 17 नवम्बर को एक कैंपर (लोडर) वाहन करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे में 10 की मौत हो गई थी। सरकार ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषण की थी। ग्रामीण खीमेश पनेरू ने बताया कि मृतकों के परिजनों 4-4 लाख मुआवजा मिलना था, लेकिन अभी तक सिर्फ 9 के परिजनों को 2-2 लाख मिले हैं, लेकिन योगेश के परिजनों को अभी तक एक भी रुपये नहीं मिला है। मुख्य गेट में तहसीलदार वार्ता करने पहुंचे। ग्रामीण व परिजन नहीं माने। बाद में धारी एसडीएम के जल्द मुआवजा देने की बात पर ग्रामीण घर को लौट गए। ग्रामीणों ने 7 मार्च तक मुआवजा नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां पूरन पनेरू, हरीश पनेरू, कुंवर सिंह, पूरन, रमेश पनेरू रहे।

### ब्लॉक मुख्यालय में शुरू हुआ आधार केंद्र

हल्द्वानी। ब्लॉक मुख्यालय में मौजूद आधार केंद्र ने दुबारा काम करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है की मशीन खराब होने से दो माह माह तक केंद्र बंद रहा। बीडीओ डीएस कन्याल ने बताया कि आवेदकों की संख्या ज्यादा होने से अब केंद्र का संचालन दूसरे बड़े कमरे में किया जा रहा। कहा कि आधार से जुड़े सभी कार्य सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक केंद्र में किए जा रहे है।

### यूओयू ने जारी की रद परीक्षाओं की नई तिथि

हल्द्वानी। वनभूलपुरा हिंसा के कारण उत्तराखंड मुक्त विवि द्वारा एमबीपीजी कॉलेज, एलबीएस कॉलेज हल्दूचौड़ और रामनगर डिग्री कॉलेज की रद की गई परीक्षाओं की नई तिथि घोषित कर दी गई है7 विवि की ओर से जारी सूचना के अनुसार नौ और 10 फरवरी को रद परीक्षाएं अब 11 और 12 मार्च को होंगी7 इसके अलावा 26 फरवरी की दूसरी पाली की परीक्षा भी अब 11 मार्च को कराई जाएगी7 संबंधित परीक्षार्थी अधिक जानकारी यूओयू की ऑफिशियल वेबसाइट से प्राप्त कर सकेंगे7

### हल्दूचौड़ में व्यापार संघ का चुनाव कार्यलय खुला

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल हल्दूचौड़ नगर इकाई के चुनावों से पूर्व चुनाव कार्यालय खुल गया है। क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिस्ट ने कार्यालय का उद्घाटन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने चुनाव अधिकारियों पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। यहां प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, जिला संयुक्त महामंत्री कौशलेन्द्र भट्ट, मुख्य चुनाव अधिकारी हरेंद्र गोस्वामी, सहायक चुनाव अधिकारी बहादुर सिंह बिस्ट, कृष्णानंद जोशी, रवि राणा, विशाल वर्मा, कमल बमैठा, हिमांशु धामी, हरीश भट्ट, नंदकिशोर मिश्रा, मोहन भट्ट, गौतम भट्ट, दिनेश पांडे, मोहित दुम्का, गजेंद्र राणा आदि उपस्थित रहे।

### नक़ल विहीन बोर्ड परीक्षा को लेकर ली बैठक

हल्द्वानी। आगामी 27 मार्च से शुरू होने वाली उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में शिक्षा विभाग की बैठक हुई7 जिसमें सीडीओ ने केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा के लिए निर्देशित किया7 मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षा के लिये इस बार 100 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 17 हजार से अधिक परीक्षार्थी 10वीं-12वीं की परीक्षा देंगे7 डीईओ एचबी चंद ने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता के साथ साथ पारदर्शी परीक्षा कराने पर जोर दिया7

### मृतकों के परिजनों को जल्द दिया जाएगा दो लाख का चेक

हल्द्वानी। ओखलकांडा ब्लॉक के छिड़ाखान सडक़ हादसे में मृतकों के परिजनों को जल्द दो लाख की धनराशि मिलेगी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया पूर्व में ओखलकांडा ब्लॉक के छिड़ाखान में दुर्घटनाग्रस्त होने से दस लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की धनराशि दे दी गई थी। कहा कि परिजनों को और दो लाख की आर्थिक सहायता राशि देने की स्वीकृति मुख्यमंत्री से मिल चुकी है। जल्द ही परिजनों को धनराशि वितरित की जाएगी।

### पानी का बिल जमा करने के बाद भी घरों में पहुंचे नोटिस

हल्द्वानी। पानी के बिल का नोटिस मिलने से आक्रोशित तल्ली हल्द्वानी के ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंच पहुंचकर उन्होंने नोटिस वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल संस्थान का मार्च तक बिल जमा कर चुके हैं। इसके बाद स पेयजल लाइन जल निगम के सुपुर्द हो गई थी, लेकिन जल संस्थान नोटिस भेज रहा है। तल्ली हल्द्वानी वार्ड नम्बर 58 के पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि उनके क्षेत्र में वर्ष 2023 में जल संस्थान की पेयजल लाइन थी। विश्व बैंक योजन के तहत यहां पर नई पेयजल लाइन बिछा दी गई है, यह लाइन अप्रैल से जल निगम के सुपुर्द हो गई थी। क्षेत्र के लोगों ने मार्च तक जल संस्थान के पास बिल जमा किया, इसके बाद अप्रैल से जल निगम को बिल देने लग गए, लेकिन बीते दिन लोगों के घरों में जल संस्थान का नोटिस पहुंचा तो हर कोई सकते में आ गया।

## 25 फरवरी के बाद चलेगा भाजपा का तीन दिवसीय अभियान

काशीपुर। नादेही चीनी मिल गेस्ट हाउस में हुई भाजपा महुआडाबरा मंडल की कार्यशाला में लाभार्थी संपर्क अभियान की जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि ऊषा चौधरी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि 25 फरवरी के बाद प्रत्येक मंडल में तीन दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कार्यकर्ता योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीण का फोटो और एक छोटा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया, सरल एप व नमो ऐप पर अपलोड करेंगे। इस दौरान मनोज पाल, गौतम गिरी, मधुरिमा वर्मा, धनंजय चौधरी, सुनील शर्मा, महिपाल गुप्ता, विजयपाल सैनी, सुषमा सैनी, आशीष चौहान, प्राशीष, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## एपीएस में लगेगा भवन कर शिविर

पिथौरागढ़। नगरपालिका भवन कर जमा करने के लिए एपीएस में शिविर का आयोजन करेगी। पालिका के ईओ राजदेव जायसी ने कहा कि शिविर में लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से शिविर में जाकर लंबित भवन कर जमा करने की अपील की है।

## गणकोट में होगा रात्रि चौपाल का आयोजन

पिथौरागढ़। नगर के गणकोट पंचायत घर में रात्रि चौपाल शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में तहसीलदार विजय गोस्वामी ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनेंगे। साथ ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

## माल रोड हुई चालू, दोपहिया वाहनों के लिए दिक्कत

अल्मोड़ा। नगर के माल रोड पर शिखर होटल से जाखनदेवी के मध्य सीवर लाइन का कार्य जनवरी माह से चल रहा था। सीवर लाइन कार्य आम लोगों के लिए सरदर्द बन गया था। लगभग डेढ़ माह से अधिक समय तक चले सीवर लाइन कार्य में कई अनियमितताएं दिखाई दी। बेतरतीब तरीके से चल रहे इस कार्य की कार्यदाई संस्था उत्तराखंड जल निगम है। विभाग का कहना है कि यह कार्य पूर्ण हो चुका है और मंगलवार से इस मार्ग पर चौपहिया वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। कार्य के चलते सडक़ खोदी गई थी जिससे मिट्टी सडक़ पर ही रही और मिट्टी की सफाई की ठेकेदार द्वारा कोई भी व्यवस्था नहीं की गई। सोमवार रात हुई बारिश के बाद इस सडक़ पर कीचड़ जमा रहा और दोपहिया वाहन रपटते रहे। कार्यदाई संस्था जल निगम और ठेकेदार को सडक़ की सफाई के बाद मार्ग खोलना चाहिए था लेकिन बिना सफाई के मार्ग चालू कर दिया गया।

## संक्षप्ति खबरें

### 2.10 लाख रुपये में हुई 19 वाहनों की नीलामी

काशीपुर। कुंडा थाने में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज किये गये 19 वाहनों की नीलामी कर निस्तारण किया गया। उच्चतम बोली 2.10 लाख रुपये लगाई गई। मंगलवार को कुंडा थाने में न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर की अनुमति के बाद एसडीएम गौरव चटवाल की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने नीलामी प्रकिया की। इसमें एमवी एक्ट में वर्ष 2019 से 2022 तक सीज किये 19 वाहनों का निस्तारण किया गया। अधिकतम बोली 2.10 लाख रुपये लगाई गई। नीलामी में 10 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सीओ अनुषा बडोला, प्रभारी निरीक्षक थाना कुंडा प्रभारी दिनेश फत्र्याल आदि मौजूद रहे।

### 232 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार

काशीपुर। गो संरक्षण स्कवॉड ने 232 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मौके से पशुवध में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ गो संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। गो संरक्षण स्क्वॉड के एसआई प्रवीण कुमार को सूचना मिली कि सोमवार रात आईटीआई थाना क्षेत्र के गुलडिया गांव में ढेला नदी के किनारे कुछ लोग प्रतिबंधित पशु को मार रहे हैं। सूचना पर पैगा चौकी इंचार्ज भी पहुंच गये। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो वहां तीन लोग मांस काट रहे थे। पुलिस को देखते ही तीनों आरोपी भाग गये। पुलिस ने गुलडिया गांव निवासी सनब्बर पुत्र मो. याकूब को दबोच लिया। जबकि ग्राम गुलडिया निवासी मंसूर पुत्र स्व. महमूद और यूपी के ग्राम फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा निवासी साजेब उर्फ लुक्का पुत्र कादिर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 232 किलो प्रतिबंधित मांस, दो छुरी, एक कुल्हाड़ी, सूजा आदि बरामद किया। सूचना पर रात करीब डेढ़ बजे पशुचिकित्साधिकारी प्रकाश चंद्र वैष्णव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बरामद मांस का निरीक्षण किया। पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि बरामद मांस का सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा।

### चंडीगढ़ में 22 फरवरी को एसकेएम की बैठक के बाद बनेगी रणनीति : बाजवा

काशीपुर। किसान आंदोलन को लेकर देशभर के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, पंजाब हरियाणा के बाद यूपी उत्तराखंड के किसान मजदूर भी सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा उत्तराखंड के नेता गाजीपुर बॉर्डर के पूर्व प्रवक्ता किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसान आंदोलन के दौरान तीन कृषि बिल वापसी के साथ ही एमएसपी गारंटी कानून, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापसी, बिजली बिल सहित अन्य कई मुद्दों पर समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा वादा खिलाफी के चलते आज देशभर के किसान मजदूर पुनः आंदोलन की राह पर हैं। कहा कि मौजूदा हालातों को देखते हुए संयुक्त किसान मोर्चा 22 फरवरी को चंडीगढ़ में बैठक आयोजित कर रहा है, जिसमें देशभर के संगठनों से विचार विमर्श के बाद संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन के संबंध में आगामी रणनीति तय करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) व किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसान खनोरी वी शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसपर सरकार द्वारा तानाशाही पूर्ण कार्रवाई की जा रही है जो बेहद निंदनीय है। किसानों की जिन मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है उन मांगों पर देशभर के किसान मजदूर संगठन एकमत हैं, लेकिन आंदोलन में किस रूप से सक्रिय रहा जाएगा, इसका निर्णय संयुक्त मोर्चा की बैठक में ही लिया जाएगा। बैठक में रणनीति बनने के बाद ही दिल्ली कूच की तैयारी की जाएगी।

### सात लाख की स्मैक के साथ पकड़ा गया नदीम उर्फ बीड़ी

काशीपुर। पुलिस ने 53 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बरेली के फतेहगंज से स्मैक लाकर यहां बेचता था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।कोतवाली में सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि सोमवार शाम बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी और एसआई मनोज जोशी पुलिस टीम के साथ नए ढेला पुल के पास चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को कब्रिस्तान के अंदर से एक युवक मेन रोड की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस को देख वह दौडऩे लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम नदीम उर्फ बीड़ी पुत्र रईस निवासी काली बस्ती हजरतनगर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 53 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस को बताया कि वह यूपी के फतेहगंज बरेली से स्मैक लेकर आता है। एसआई सुनील सुतेड़ी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बरामद स्मैक की कीमत करीब सात लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ काशीपुर व कुंडा थाने में आठ मुकदमे दर्ज हैं। इसमें अधिकांश एनडीपीएस व शस्त्र अधिनियम के हैं।

# रेस ड्राईविंग व स्टंट करने वाले बाइकर्स के विरूद्ध दून पुलिस की बड़ी कार्रवाई






- राजीव गांधी स्टेडियम रोड, थानो रोड में रेस ड्राईविंग व स्टंट करने वालों के विरूद्ध रायपुर पुलिस ने चलाया अभियान
- 18 वाहनों को रायपुर पुलिस ने किया सीज, 12 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाईसेंस निलम्बित करने की भेजी रिपोर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशन पर थाना रायपुर पुलिस द्वारा राजीव गांधी स्टेडियम रोड, थानो रोड व मालदेवता रोड में रेस ड्राईविंग व स्टंट करने वाले बाइकर्सो के विरूद्ध 02 टीम गठित कर अभियान चलाकर चैकिंग की गयी । चैकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लघंन कर सडक में रेस ड्राईविंग व स्टंट करने वाले दोपहिया वाहनों को चैक किया गया । पुलिस कार्यवाही में में रेस ड्राईविंग व स्टंट करने वाले 18 बाइकर्सो के दोपहिया वाहनों को सीज किया गया एवं 12 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाईसेंस निलम्बन करने की रिपोर्ट प्रेषित की गयी । अभियान लगातार जारी है ।

सीज वाहनों का विवरण - (1) मोटरसाइकिल - 07(2) Activa/Scooty - 07(3) बुलेट मो0सा0 - 04

पुलिस टीम :- 1- थानाध्यक्ष कुन्दन राम, थाना राजपुर2- व0उ0नि0 गुमान सिंह नेगी थाना रायपुर देहरादून।3- उ0नि0 संजय रावत चौकी प्रभारी मालदेवता।4- HC संजय सिंह 5- का0 जसवीर 6- का0 सुरेश रमोला7- का0 राजेश रावत

## छात्रसंघ चुनाव की रंजिश में भिड़े दो पक्ष, चली गोलियां

काशीपुर। छात्रसंघ चुनाव को लेकर चली आ रही रंजिश ने मंगलवार को बड़े विवाद का रूप ले लिया। आमने सामने आए दो पक्षों में गोलियां चलने लगीं। इस गोलीबारी में एक पक्ष के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रजत भंडारी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के भी दो लोगों के घायल होने की खबर है। तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रजत भंडारी समेत तीनों लोगों की टांगों में गोली लगी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर मौजूद वाहनों को कब्जे में ले लिया। साथ ही घायलों से जानकारी हासिल की।

बेरिया दौलत चौकी क्षेत्र के गांव मोहली जंगल निवासी गुरविंदर सिंह उर्फ गिंदर तथा बरहैनी निवासी सुखवीर सिंह उर्फ गोरखा के बीच छात्रसंघ चुनाव को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर मंगलवार को गुरविंदर उर्फ गिंदर पक्ष तथा गोरखा पक्ष के लोग गांव मोहली जंगल में आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए तथा फायरिंग होने लगी। इस फायरिंग में गुरविंदर पक्ष के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रजत भंडारी (30) पुत्र प्रताप भंडारी निवासी खमरिया वार्ड नंबर 13, गुरविंदर सिंह गिंदर (27) पुत्र बुआ सिंह तथा गुरपेज सिंह (20) पुत्र गुरदीप सिंह निवासीगण महोली जंगल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इन तीनों की टांगों में गोली लगी हैं। वहीं गोरखा पक्ष के गुल्लू समेत एक अन्य भी घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद गांव में हडकंप मच गया।

लोग आनन-फानन में घायलों को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंचे केलाखेड़ा एसओ ललित मोहन रावल ने बताया कि छात्रसंघ की चुनावी रंजिश के चलते दो पक्षों में फायरिंग की सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और मौके से दो वाहनों को कब्जे में लिया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल अभी किसी पक्ष की तहरीर नहीं आई है। तहरील आने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी थी।

छात्रसंघ चुनाव की पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट और गोली चलने की बात सामने आई है। इस गोलीकांड में छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष समेत 3 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस को मौके से 6 खोखे की बरामद हुए हैं तथा पुलिस ने दो वाहनों को भी कब्जे में लिया है। तहरीर के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकद्मे दर्ज करेगी तथा किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। -अभय प्रताप सिंह, एएसपी काशीपुर।

## मुख्य विकास अधिकारी कमठान की अध्यक्षता में हुई जिला जल स्वच्छता मिशन समिति तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति (स्वजल) की बैठक आयोजित

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला जल स्वच्छता मिशन समिति तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति (स्वजल) की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों को 15 मार्च तक पूर्ण करें। उन्होंने जल निगम एवं जल संस्थान कालसी, विकासनगर, देहरादून डिवीजन में कार्य प्रगति की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा निर्धारित लक्ष्य को अनुरूप कार्यों को पूर्ण करे। उन्होंने निर्देशित किया जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं उनकी रिर्पोटिंग आईएमएस पोर्टल 100 प्रतिशत एन्ट्री करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को जीपीडीपी( ग्राम पंचायत विकास योजना) के कार्यों तथा जिला विकास अधिकारी को मनरेगा के कार्यों की रिपोर्ट अगली बैठक में फोटो सहित प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने नल जल मित्र प्रशिक्षण प्रगति कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया इसके लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करें साथ ही यह भी जागरूक करें कि प्रशिक्षण इस कार्य की धनराशि दी जाएगी, जिससे उनकी आर्थिकी में वृद्धि होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन कार्यों की प्रगति पूर्ण हो गए हैं उनकी जीओ टैगिंग करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति (स्वजल) की बैठक लेते हुए ओडीएफ प्लस की प्रगति जानने पर बताया गया कि 636 में 627 ग्राम ओडीएफ बन गए हैं, तथा विकासनगर के 09 गावं में कार्य प्रगति पर इस माह कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने ठोस एवं अपशिष्ठ प्रबन्धन, विकासखण्ड स्तर पर कूड़ा उठान वाहन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की जानकारी ली, जिस पर बताया गया प्रत्येक ब्लॉक में 1-1 कूड़ा उठान वाहन दिए गए हैं तथा सहसपुर को छोडक़र अन्य विकासखण्ड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की गई हैं तथा सहसपुर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने विकासखण्डवार कूड़ा उठान विवरण सहित कम्पोस्ट की जानकारी सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, निदेशक ग्राप्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह अधीक्षण अभियन्ता नमित रमोला, पर्यावरण विद विनोद जुगलान, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार रावत, जिला पचांयतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, स्वजल से अमित शर्मा, नीलम शर्मा, मंजू जोशी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## 26 फरवरी से 1 मार्च तक देहरादून में चलेगा विधानसभा बजट सत्र, इस बार यह रहेगा खास

देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड का बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें जेंडर बजट के साथ समग्र विकास पर फोकस किया जाएगा। वित्त मंत्री ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि विधानसभा का बजट सत्र देहरादून में 26 फरवरी से एक मार्च तक होगा। उन्होंने कहा कि कई विधायकों के लिखित अनुरोध के बाद बजट सत्र देहरादून में कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्र के पहले दिन गवर्नर का अभिभाषण होगा। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की रूपरेखा बनाई जाएगी।

अग्रवाल ने बताया कि राज्य का यह बजट जेंडर बजट होगा। इससे विकास की गतिविधियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। इसमें लोगों के सुझावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। विधायकों को पुनर्जीवित कराने होंगे सवाल सत्र के दौरान विधायकों को सवाल पूछने के लिए पिछले सत्र के लिए लगाए गए प्रश्नों को पुनर्जीवित कराना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे, दो ने किया सरेंडर

काशीपुर। ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचकर अदालत में पेश किया। जबकि दो ने अदालत में सरेंडर किया है। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि राजेश कुमार निवासी गांव तालबपुर, उमेश कुमार निवासी मोहल्ला भूप सिंह, रामो देवी निवासी गांव कासमपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

### बर्फबारी व बारिश के बाद बढ़ी ठंड

बागेश्वर। जिले के कपकोट तहसील के ऊंचाई वाले क्षेत्र में हल्की बर्फबारी हुई, जबकि घाटी वाले क्षेत्र में बारिश हुई। बर्फबारी व बारिश के बाद एक बार फिर ठंड में इजाफा हो गया है। सोमवार की रात एक बजे से गरज-चमक के साथ बारिश हुई। यह सिलसिला सुबह छह बजे तक चला रहा। सबसे अधिक बारिश गरुड़ तहसील में दस मिमी दर्ज हुई। सबसे कम कपकोट में ढाई मिमी बारिश हुई। बागेश्वर तहसील में पांच मिमी बारिश हुई। इस बारिश को किसानों ने रबी की फसल के साथ ही सब्जी व फल उत्पादन के लिए बेहतर बताया है। दो दिन पहले जहां अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम सात चल रहा था बारिश के बाद 16 व तीन हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि कपकोट तहसील के ऊंचाई वाले गांवों से लगी पहाडियों में हल्की बर्फबारी हुई है।

### आंगनबाड़ी वर्करों ने मांगों को लेकर किया सचिवालय कूच

देहरादून। सीटू से सम्बद्ध आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सेविका कर्मचारी यूनियन ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर सचिवालय कूच किया। दोपहर बारह बजे सभी गांधी पार्क से सचिवालय के लिए रवाना हुए। पुलिस के आगे जाने से रोकने पर महिला वर्करों ने नारेबाजी की। यूनियन की प्रांतीय महामंत्री चित्रकला ने बताया कि यदि मांगें नहीं मानी तो आगे कार्यबहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हैं। सरकार पर सीडीएस के बजट में कटौती करने, मानदेय में बढ़ोतरी नहीं करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो संघर्ष जारी रहेगा। सीटू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने कहा कि श्रमिक अपनी मांगों को 2024 के लोकसभा चुनाव में मुद्दा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को श्रमिकों की मांगें माननी पड़ेगी। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्करों के लिए सेवानिवृत होने पर ग्रेच्युटी का भुगतान, भविष्यनिधि, ईएसआई, पेंशन का प्रावधान होना चाहिए। सुनीता रावत ने कहा कि विभाग के अंदर भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगनी चाहिए। मसूरी से वर्करों को बैठकों व टीएचआर के लिए देहरादून आना पड़ता है, यह व्यवस्था मसूरी में करने की मांग की। रेखा नेगी ने कहा कि अन्य मांगों के साथ मोबाइल रिचार्ज भी सरकार को करना चाहिए ताकि सरकारी कार्य हो सकें। इस दौरान रजनी गुलेरिया, राजेन्द्र पुरोहित, रविन्द्र नौढियाल, मामचंद, लक्ष्मी पंत, मनीषा राणा, सीमा सिंह, पूनम, नीलम, जयश्री आदि मौजूद थे।

### प्रयोगशाला अधिकारी को 54 सौ ग्रेड पे की मांग

देहरादून। उत्तराखंड विश्वविद्यालय-महाविद्यालय प्रयोगशाला कर्मी संघ ने अपना ढांचा पुनर्गठन की मांग की है। साथ ही ये भी कहा है कि प्रयोगशाला सहायक के तीसरी पदोन्नति से प्रयोगशाला अधिकारी बनाकर 54 सौ ग्रेड पर दिया जाए। इस मामले में संघ की ओर से उच्च शिक्षा के उप सचिव को ज्ञापन भेजा गया। संघ के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि पदोन्नति ढांचे को पुनर्गठित करने और वेतन वृद्धि समेत नौ सूत्री मांगों को लेकर संघ लंबे समय से मांग कर रहा है। इस संबंध में एक बार फिर उप सचिव को ज्ञापन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला सहायक संवर्ग के तीसरे पद को उच्चतर कार्य दायित्व व दक्षता के आधार पर उच्चतर पदनाम व वेतनमान स्वीकृत किया जाना पूर्ण तर्कसंगत समीचीन व न्यायसंगत होगा।

# लक्ष्मण, मेघनाथ और देहरादून का रहस्यमयी सिद्ध मंदिर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 फ़रवरी , देवभूमि उत्तराखंड के कण-कण में परमात्मा का वास है. देहरादून में चार सिद्ध मंदिर या पीठ स्थित हैं और यह शहर के चारों कोनों में स्थापित है. देहरादून के इन 4 सिद्ध पीठ में लक्ष्मण सिद्ध, कालू सिद्ध, मानक सिद्ध और मांडु सिद्ध हैं. मुख्य शहर से करीब 12 किमी दूर हर्रावाला में जंगलों के बीच प्राचीन लक्ष्मण सिद्ध मंदिर स्थित है, जो ऋषि दत्तात्रेय के 84 सिद्धपीठों में से एक है. मान्यता है कि रामायण काल में भगवान श्रीराम के भाई छोटे लक्ष्मण ने मेघनाद का वध किया था. जिसके बाद ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए इसी मंदिर में आए थे और उन्होंने संत के रूप में तपस्या की थी.

प्राचीन काल से ही जल रही धूनी

हम सभी जानते हैं कि रावण जाति से ब्राह्मण था और लक्ष्मण ने उसके बेटे मेघनाद का वध किया था. जिसके बाद उन्हें ब्रह्महत्या का दोष लग गया था. कुछ विद्वान संत-तपस्वियों से उन्हें इस जगह पर तपस्या करने की सलाह दी रही. उन्होंने कुछ वर्षों तक ऐसा ही किया. रविवार के दिन यहां भक्तों का तांता लग जाता है. यहां हजारों साल से जल रही प्राचीन धूनी की राख को प्रसाद के तौर पर श्रद्धालुओं में वितरित किया






जाता है. यहां आकर लोग चुनरियाँ बांधकर मनोकामना मांगते हैं, जो पूर्ण होती है.

लक्ष्मण सिद्ध मंदिर अपने धार्मिक महत्व और सुंदर सौंदर्य के लिए भी काफी प्रसिद्ध है । लक्ष्मण सिद्ध मंदिर के बारे में यह कहा जाता है कि यह सिद्धपीठ ऋषि पीठ ऋषि दत्तात्रेय के चोरासी सिद्धों में से एक है । यह देहरादून में अवस्थित चार सिद्धपीठों में से यह सिद्ध पीठ सर्वश्रेष्ठ है एवम्लोक मान्यता के अनुसार यह मंदिर राजा दशरथ के पुत्र "लक्ष्मण व राम " के द्वारा रावण का वध करने के पश्चात ब्रह्महत्या के दोष से मुक्ति पाने के लिए भगवान लक्ष्मण ने इसी स्थान पर तपस्या की थी इसलिए इस मंदिर का नाम "लक्ष्मण सिद्धपीठ मंदिर" रखा गया ।

पौराणिक कथा के अनुसार संत -स्वामी लक्ष्मण सिद्ध ने इस स्थान पर तपस्या की थी और इसी स्थान पर संत ने समाधि ली थी । इस सिद्धपीठ से 400 मीटर की दूरी पर एक कुआ भी स्थापित है । इस कुए के बारे में यह माना जाता है कि कुए का पानी प्राचीन काल में दूध के रूप में निकलता था । लक्ष्मण जी ने अपने तीर से कुए में पानी निकाला था क्योंकि उस समय इस कुएं में पानी नहीं था । सिद्धपीठ में शिवलिंग की स्थापना की गई है और भक्तगण शिवलिंग की उपासना करते हैं । प्राचीन काल से इस मंदिर में एक अखंड धुना है जो कि प्राचीन काल या त्रेता युग से इस मंदिर में स्थापित है

इस धुनें की राख को प्रसाद स्वरूप सभी श्रद्धालुगण को बांटा जाता है । लोगों की आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ यह मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है , जिस कारण श्रद्धालुओं व पर्यटकों का आकर्षण इस क्षेत्र में बढ़ रहा है । इस मंदिर पर गुड , घी , दही आदि भेंट के रूप में चढ़ाया जाता है क्योंकि पुराने समय में गुड एवं अन्य सामग्री मिठाई होती थी इसलिए प्राचीन काल से गुड़ का प्रसाद इस मंदिर में चढ़ाया जाता है । लक्ष्मण सिद्ध मंदिर में जो कोई भी श्रद्धालु या भक्त सच्चे मन से बाबा मंदिर के चरणों के समीप बैठ कर मनोकामना करता है , श्रद्धा और विश्वास के द्वारा वह मनोकामना पूर्ण हो जाती है ।

# 15 मार्च के बाद बंद हो जाएगा Paytm FASTag, आज ही कराएं डिएक्टिवेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 फरवरी , भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पेटीएम पेमेंट बैंक की सर्विसेज को 15 मार्च के बाद बंद करने का फैसला दिया है. यह डेडलाइन पहले 29 फरवरी की थी लेकिन फिर इसे बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है. ऐसे में ग्राहकों को कहा जा रहा है कि वो किसी भी असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च 2024 से पहले किसी अन्य बैंक द्वारा जारी नया FASTag खरीद लें. आपको बता दें कि 15 मार्च के बाद Paytm FASTags काम नहीं करेगा. ऐसे में अगर आपके पास Paytm FASTag है तो आप उसे आज ही डिएक्टिवेट करा दें. अगर इसका तरीका आपको नहीं पता है तो चलिए स्टेप बाय स्टेप इसका तरीका बता देते हैं.




कैसे डिएक्टिवेट करें Paytm FASTag:

मौजूदा Paytm FASTag अकाउंट को बंद करने के लिए आप अपने मोबाइल नंबर और टैग आईडी का इस्तेमाल कर सकते हैं.

सबसे पहले 1800-120-4210 पर कॉल करें. फिर अपना मोबाइल नंबर बताएं. वहीं नंबर बताए जिससे FASTag रजिस्टर किया गया हो.

इसके साथ व्हीकल रजिस्ट्रेशन नंबर (VRN) या टैग आईडी मांगी जाएगी. इसकी जानकारी दें.

इसके बाद पेटीएम के कस्टमर केयर एजेंट से कॉन्टैक्ट कराया जाएगा और यहां से आपका काम हो जाएगा.

ऐप के जरिए Paytm FASTag डिएक्टिवेट करने का तरीका?

Paytm ऐप में अपने प्रोफाइल आइकन पर जाएं. फिर Help & Support पर टैप करें.

इसके बाद Banking Services & Payments सेक्शन में जाएं. इसके बाद FASTag सेलेक्ट करें. फिर Chat with us पर टैप करें.

फिर एग्जीक्यूटिव से अकाउंट डिएक्टिवेट करा लें.

FASTag क्या है ?

FASTag भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है. यह नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ऑपरेट किया जाता है. यह रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) टेक्नोलॉजी पर आधारित है. इस टैग के जरिए ऑनलाइन टोल लिया जाता है. इससे लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ती है. नेशनल हाइवे पर सभी टोल प्लाजा पर रीडर्स लगाए गए हैं जो कार की विंडस्क्रीन पर लगे टैग को स्कैन कर लेते हैं. इससे ही चार्ज कट जाता है.

ऐसे करें FASTag को पोर्ट

सरकार की नई वन व्हीकल, वन FASTag पहल के अंतर्गत कोई FASTag सिर्फ एक ही वाहन से जुड़ा रह सकता है । या यूं कहें कि किसी वाहन के लिए यूनिक फास्टैग होगा। ऐसे में यूजर्स को नया FASTag लेने के लिए अपने मौजूदा FASTag को डिएक्टिवेट करना पड़ेगा। अगर आप FASTag को Paytm से हटाकर किसी दूसरे सर्विस प्रोवाइडर के पास पोर्ट करना चाहते हैं, तो इसके लिए नए बैंक से कस्टमर केयर पर संपर्क करें। यहां अपनी जरूरी जानकारी देकर पोर्टिंग प्रोसेस कंप्लीट कर सकते हैं।

## सेवा का अधिकार आयोग द्वारा कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा। उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न विभागों के पदाभिहित एवं अपीलीय अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में आयोग से आए उप रजिस्ट्रार एवं सहायक रजिस्ट्रार ने आयोग के कार्य, शक्तियों एवं दायित्वों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में अधिकारियों को आवेदनों के निस्तारण, समयावधि एवं निस्तारण के तरीकों आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

विभिन्न अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निस्तारण में आ रही कठिनाइयों के बारे में भी फीडबैक दिया गया, जिसका समाधान कार्यशाला में आयोग से आए मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया।

इस दौरान अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए कि सेवा का अधिकार आयोग जनहित में चलाई जा रही सेवाओं के प्रति गंभीर है, इसलिए समयानुसार ही नागरिकों को सेवाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि उनके संबंधित विभाग में जनपद स्तर पर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की मासिक रिपोर्ट भी नियमित रूप से प्रेषित की जाए। जनपद अल्मोड़ा में 53 विभागों की 1038 सेवाएं अभिहित हैं जो सेवा के अधिकार के तहत आती हैं। कार्यशाला में आयोग के उप रजिस्ट्रार एसएसएस पांगती, कैलाश चंद्र पंत, सहायक रजिस्ट्रार एसएम कंडवाल एवं जसपाल लाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को राज्यसभा सदस्य सम्यक रूप से निर्वाचित होने पर सीएम धामी ने दी बधाई व शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र भट्ट को राज्यसभा के सदस्य सम्यक रूप से निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महेन्द्र भट्ट के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने से केंद्र सरकार के स्तर पर राज्य के विकास से जुड़े विषयों के क्रियान्वयन में और अधिक तेजी आएगी।

## 100 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

ऋषिकेश। खनन और वन विकास निगम ने खनिज चुगान श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस दौरान 100 श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच हुई। उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ दवाएं भी वितरित की गई। मंगलवार को रानीपोखरी खनन लॉट में राजकीय चिकित्सालय रायपुर और सीएचसी के सहयोग से यह शिविर आयोजित हुआ। प्रभागीय प्रबंधक रतिराम ने बताया कि श्रमिक और उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की गई। गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी शिविर में हुआ। बताया कि खनन और वन विकास निगम श्रमिकों के हितों के साथ उनकी सेहत के प्रति भी सजग है। मौके पर अनुभाग अधिकारी ब्रह्मदेव यादव, एसएस बड़थ्वाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, हरदीप सिंह, दलबीर सिंह कंडारी, राम सिंह, अभिषेक पाल, डॉ. आरसी बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

## एआरटीओ कार्यालय पर टैक्सी-मैक्सी महासंघ का प्रदर्शन

ऋषिकेश। निजी वाहनों के व्यावसायिक संचालन और बाहरी राज्यों के वाहनों की डग्गामारी को लेकर संयुक्त रोटेशन टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने एआरटीओ दफ्तर पर प्रदर्शन किया। एआरटीओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग उठाई। डग्गामारी पर रोक नहीं लगाए जाने पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी। मंगलवार को महासंघ के सदस्य हरिद्वार रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने डग्गामारी और निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। गढ़वाल मंडल टैक्सी चालक एवं मालिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत ने कहा कि विभागीय उदासीनता के कारण डग्गामारी को बढ़ावा मिल रहा है। इस अनदेखी से स्थानीय छोटे वाहनों का काम खत्म होने की कगार पर है। आरोप लगाया कि ऋषिकेश में चल रही एक फिल्म की शूटिंग में 40 प्राइवेट वाहनों को चलाया जा रहा है। रावत ने कहा कि सरकार ने भी 10 फीसदी की टैक्स वृद्धि कर टैक्सी-मैक्सी संचालकों के हितों पर कुठाराघात किया है। उन्होंने एआरटीओ अरविंद पांडेय को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों में विजेंद्र सिंह कंडारी, रमेश रावत, नरेंद्र वर्मा, हेमंत डग, जयप्रकाश नारायण, बलबीर नेगी, राधेश्याम व्यास, भगत सिंह पयाल, वीरेंद्र जोशी, राजू शर्मा, किशोर रमोला, कृष्णा डबराल, मकान सिंह, अनूप रावत, शीशपाल डंग्वाल आदि शामिल रहे।

## सत्यापन नहीं कराने पर 63 का चालान

ऋषिकेश। मुनिकीरेती में पुलिस मंगलवार सुबह छह बजे ही सत्यापन अभियान के तहत किरायेदारों के कमरों पर पहुंच गई। इस दौरान जांच में 63 घरों में किरायेदार सत्यापन के बिना रहते मिले। इस पर मकान मालिकों का 10-10 हजार रुपये का चालान किया गया। एसएसपी नवनीत भुल्लर के निर्देश पर चार उपनिरीक्षकों की अगुवाई में पुलिस कर्मियों की टीम कैलासगेट और शीशमझाड़ी पहुंची। सत्यपान के लिए सुबह-सुबह हुई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही। चेकिंग में पुलिस ने लोगों को सत्यापन के प्रति जागरूक भी किया। टीम में एसएसआई योगेश पांडेय, एसआई राजेंद्र सिंह रावत, आशीष शर्मा और भंवर सिंह शामिल रहे। थानाध्यक्ष रितेश शाह ने बताया कि सत्यापन को लेकर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# iPhone Apps लॉक करने के ये है सबसे आसान तरीके

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 21 फरवरी, iPhone ऐप्स को लॉक करने के कई तरीके हैं जिनमें पासवर्ड, फेस आईडी या टच आईडी शामिल हैं. इससे आपकी प्राइवेसी बनी रहती है. इन्हीं में से एक iPhone का बिल्ट-इन फीचर Screen Time है. वैसे तो थर्ड पार्टी ऐप्स के जरिए भी आप iPhone ऐप्स को लॉक किया जा सकता है लेकिन सिक्योरिटी के चलते यह सही विकल्प नहीं है. ऐसे में बिल्ट इन फीचर एक अच्छा ऑप्शन है.




Screen Time फीचर के जरिए आप आसानी से iPhone ऐप्स को लॉक कर सकते हैं. अगर आप iPhone पर iOS 12 या उससे ऊपर का वर्जन इस्तेमाल करते हैं तो आप इस इन-बिल्ट फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं. इस फीचर के जरिए आप लगभग सभी ऐप्स को लॉक कर सकते हैं. इस फीचर का एक फायदा यह है कि अगर आपको फोन या सोशल मीडिया की लत लग चुकी है तो आपकी काफी मदद हो सकती है. चलिए जानते हैं Screen Time फीचर को कैसे इस्तेमाल करें.

Screen Time फीचर कैसे करें इस्तेमालः

सबसे पहले आपको Settings पर जाना होगा. फिर सर्च बार में Screen Time सर्च करें. जैसे ही फीचर मिलता है उस पर टैप करें.

इसके बाद App Limits पर टैप करें.

अब आपके सामने एक स्क्रीन आएगी जिसमें सभी ऐप्स की जानकारी होगी. आप ऐप्स को कैटेगरी के हिसाब से भी सेलेक्ट कर सकते हैं. वहीं, एक-एक ऐप को भी सेलेक्ट कर सकते हैं.

ऐप्स सेलेक्ट करने के बाद टॉप पर दिए गए Next पर टैप करें.

फिर आपको टाइम लिमिट सेलेक्ट करनी होगी.

इसके बाद आपको पासकोड डालना होगा जिसके साथ आप ऐप ओपन करना चाहते हैं.

आप दिन के हिसाब से भी सेलेक्ट कर सकते हैं कि किस दिन कौन-सी ऐप पर पासवर्ड लगाना है.

इसके बाद ऊपर दिए गए Add पर टैप कर दें.

बस इसके बाद जितना भी टाइम आपने सेलेक्ट किया होगा उतनी देर इनएक्टिव रहने के बाद ऐप अपने आप ही लॉक हो जाएगी.

# अब आयुर्वेद के डॉक्टर भी कर पाएंगे जनरल सर्जरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 21 फरवरी, अब आयुर्वेद के डॉक्टर भी सर्जरी कर सकेंगे। सरकार ने एक नोटिफिकेशन के जरिए आयुर्वेद के पीजी M S छात्रों को सर्जरी करने की इजाजत दी है। नोटिफिकेशन के मुताबिक आयुर्वेद के डॉक्टर 58शल्य योग्य बीमारियों जैसेहड्डीरोग, नेत्र विज्ञान, नाक-कान-गला (ईएनटी)पेट रोग गुदा रोग नेत्र रोग, किडनी संबन्धित बिमारियाँ और दांतों आदि अंगों से जुड़ी सर्जरी कर सकेंगे। वहीं दूसरी ओर सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन के अध्यक्ष ने कहा है कि आयुर्वेद संस्थानों में ऐसी सर्जरी पिछले 25 सालों से हो रही हैं। नोटिफिकेशन सिर्फ यह स्पष्ट करता है कि यह सर्जरी वैध हैं।



सरकार की ओर से 19 नवंबर 2020 को जारी इस नोटिफिकेशन के मुताबिक आयुर्वेद के पीजी कोर्स में अब सर्जरी को भी जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही अधिनियम का नाम बदलकर भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा) संशोधन विनियम, 2020 कर दिया गया है।

आयुर्वेद की प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों की ओर से लंबे समय से एलोपैथी की तरह अधिकार देने की मांग की जा रही थी। नए नोटिफिकेशन के मुताबित अब आयुर्वेद के छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही सर्जिरी की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। छात्रों को शल्य तंत्र शालक्य तंत्र (नेत्र, कान, नाक, गला, सिर और सिर-दंत चिकित्सा का रोग) जैसी डिग्री भी दी जायेगी। इस वैधानिक आदेश उपरांत आयुर्वेद के डॉक्टरों में इसे लेकर खुशी हैं।

# लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा। भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत एक कार्यशाला नन्दा देवी मंदिर के गीता भवन सभागार में आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप जिला आईटी सेल प्रभारी गोविंद मटेला उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता गोविंद मटेला द्वारा लाभार्थी सम्पर्क अभियान में सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी, कि कैसे कार्यकर्ताओं को केन्द्र सरकार द्वारा एक से ज्यादा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के पास जाकर उनके आंकड़े जुटाए जाने हैं, सभी लाभार्थी तक हर बूथ पर हर एक एक घर तक सम्पर्क करना है, जितने भी लाभार्थियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है उनका एक मिनट का वीडियो बनाकर सरल ऐप में अपलोड करना है और सरकार द्वारा जारी किए नम्बर पर एक मिस्ड कॉल करके उसे रजिस्टर भी करवाना है। सह संयोजक कृष्णा बहादुर सिंह ने भी मोदी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों कि जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। करशाला में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी, जिला मंत्री महेश बिष्ट, देवाशीष नेगी, लाभार्थी संपर्क अभियान के नगर संयोजक दिनेश मठपाल, सहसंयोजक आशीष गुरुरानी, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, सौरव वर्मा, चंदन रावत, नगर मंत्री रमेश मेर, अशोक गोस्वामी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लीला बोरा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष भावना तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कार्यकर्ताओं का धन्यवाद एवं राष्ट्र गान के साथ नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं की दी जानकारी

अल्मोड़ा। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में भारत सरकार की प्रमुख जनलाभार्थी योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँच सुनिश्चित करने के लिए तथा आउटरीच गतिविधियों हेतु सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय एवं अन्तिम दिवस में विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत सूचीबद्ध चिन्हित योजनाओं यथा पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम मुद्रा लोन, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, अमृत योजना तथा निकाय स्तर पर संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी गई।

## भोजनमाताओं का सीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन

देहरादून। सीटू से सम्बद्ध उत्तराखंड भोजनमाता कामगार यूनियन ने मंगलवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को एक ज्ञापन सीएम व शिक्षा अधिकारियों को भेजा। यूनियन की महामन्त्री मोनिका ने कहा कि भोजनमाताओं को केवल तीन हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। जो सबसे कम है। ऐसे में परिवार को गुजारा होना मुश्किल है। उन्होंने ये भी कहा कि उनको साल भर में केवल 11 माह ही मानदेय दिया जाता है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। सीटू के जिलामहामंत्री लेखराज ने कहा कि वर्तमान में केंद्र की मोदी व प्रदेश की धामी सरकार ने सभी वर्करों के खिलाफ हमला बोल दिया है। ये उनको न्यूनतम वेतन भी नहीं दे रहे। उन्होंने न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, मानदेय बढ़ाने और ग्रेच्युटी सहित सामाजिक सुरक्षा देने की मांग उठायी।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 21 वर्ष का कठोर कारावास

अल्मोड़ा। लैंगिक अपराध के एक मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) श्रीकान्त पाण्डेय ने अभियुक्त नरेश कुमार को पॉक्सो एक्ट के तहत इक्कीस साल का कठोर कारावास एवं धारा 506 के तहत 3 साल का कठोर कारावास से दण्डित किया है ये सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियुक्त द्वारा पूर्व में इस मामले में जेल में बितायी गयी दण्डादेश की उक्त अवधि में समायोजित की जाएगी। अभियोजन कहानी के अनुसार दिनांक 22-11-2021 को पीड़िता को अभियुक्त नरेश कुमार ने कोल्डड्रिंक में नशे की दवाई मिलाकर पिलाई और दुष्कर्म किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार में महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा: सविता कपूर

देहरादून। कैंट विधानसभा के जीएमएस मंडल में मंगलवार को लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधाक सविता कपूर ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं को सम्मान बढ़ा है। सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ के मूलमंत्र के साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज मे भ्रूणहत्या पर अंकुश लगाया। उन्होंने 10 करोड़ गरीब बहनो को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर उनका जीवन स्तर बढ़ाने का काम किया।लाभार्थी संपर्क अभियान के टिहरी लोकसभा के सह संयोजक भाजपा महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सिंह चौहान ने बताया कि टिहरी लोकसभा के 53 मंडलों में से 14 मंडलों की कार्यशाला पूरी हो चुकी हैं। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे,महामंत्री शेखर नोटियाल. लाभार्थी संपर्क अभियान संयोजक मनोज शर्मा, मीनाक्षी मौर्य, अर्चना आनंद, शारदा गुप्ता, अमिता सिह, मुक्ता सिह, मीनाक्षी गोदियाल और विनोद तोमर सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जैविक प्रमाणीकरण निरीक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

देहरादून। उत्तराखंड स्टेट सीड़ एण्ड आर्गेनिक प्रोडक्शन सर्टीफिकेशन एजेन्सी जैविक प्रमाणीकरण निरीक्षकों को ट्रेनिंग को भेजेगी। ट्रेनिंग भी इस सेक्टर में बेहतर काम करने वाली वाह्य संस्थाओं से कराई जाएगी। एजेंसी की प्रबन्ध कार्यकारिणी परिषद् की 54 वीं बैठक रिंग रोड स्थित किसान भवन में अध्यक्ष बलराज पासी की अध्यक्षता में हुई। तय हुआ कि एजेन्सी के बीज परीक्षण प्रयोगशाला रूद्रपुर भवन के पीछे की खाली भूमि पर प्रयोगशाला का विस्तारीकरण किया जाएगा। जैविक प्रमाणीकरण के क्षेत्र में मत्स्य पालन व मशरूम उत्पादन का प्रमाणीकरण करने को एपीडा से एक्रीडिटेशन प्राप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। तय हुआ कि जैविक प्रमाणीकरण निरीक्षकों को बाहरी संस्थाओं से मत्स्य पालन, मौन पालन, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्र में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। बीज उत्पादन से जुड़े किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एजेन्सी की बीज परीक्षण प्रयोगशाला रूद्रपुर स्थित भवन में कार्यों के तत्काल सम्पादन को मण्डलीय कार्यालय खोला जाएगा। जैविक बीज उपलब्धता के सम्बन्ध में संस्था की ओर से ट्रेनिंग, अनुदान देने के संबंध में तय हुआ कि इसे लेकर बोर्ड की अगली बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। बैठक में अपर सचिव वन कहकशां नसीन, उप सचिव नन्दनी शर्मा, श्रीकान्त शर्मा, केसी पाठक मौजूद रहे।

### दून में बनेगी स्मार्ट फूड स्ट्रीट

देहरादून। नगर निगम और केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग हरिद्वार बाईपास रोड स्थित बाईपास के नीचे खाली जमीन पर स्मार्ट फूड स्ट्रीट बनाने की तैयारी कर रहा है। योजना पर स्वास्थ्य विभाग एक करोड़ व निगम दो करोड़ रुपये का बजट खर्च करेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया प्रोजेक्ट के तहत फूड कोर्ट, लोकल हस्तकला बाजार, पार्किंग, बच्चों के खेलने की सुविधा मिलेगी और शौचालय बनेगा। डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू होगा।

### श्रीमहंत देवेंद्र दास ने टपकेश्वर में टेका मत्था

देहरादून। श्री दरबार साहिब के श्रीमहंत देवेन्द्र दास ने मंगलवार को टपकेश्वर महादेव के दर्शन किए। मंदिर समिति की ओर से वैदिक परंपरा के अनुसार उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। श्रीमहंत देवेन्द्र दास ने टपकेश्वर महादेव मंदिर के 108 श्रीमहंत कृष्णा गिरी के साथ विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने उत्तराखण्डवासियों की सुख, शांति व समृद्धि के लिए विशेष अरदास भी की। 108 श्रीमहंत कृष्णा गिरी ने श्रीमहंत देवेन्द्र दास को विशेष रूप से टपकेश्वर महादेव मंदिर में आने का निमंत्रण दिया था। मंदिन में श्रीमहंत देवेंद्र दास ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया व विशेष मंत्रोच्चरण के बीच पूजा अर्चना की। इस अवसर पर श्रीमहंत देवेन्द्र दास, 108 श्रीमहंत कृष्णा गिरी सहित कई साधु संत मौजूद रहे।

### पचास हजार घरों से दो दिन बाद उठा कूड़ा

देहरादून। नगर निगम के 47 वार्डों में दो दिन बाद डोर टू डोर कूड़ा उठ पाया। 47 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान का कार्य कर रही वाटरग्रेस सनलाइट इकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तीन सुपरवाइजरों को नौकरी से निकालने के बाद सफाई वाहन चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी थी। मंगलवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के उत्तराखंड प्रभारी विशाल बिरला ने कंपनी प्रबंधक से कैनाल रोड स्थित कार्यालय में वार्ता की। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजरों और कर्मचारियों का बेवजह उत्पीडन नहीं होना चाहिए। उन्हें समय पर वेतन मिले और अन्य सुविधाएं दी जाएं। जिसके बाद कंपनी ने सुपरवाइजरों को निरस्त करने के लिए जारी नोटिस निरस्त कर दिए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कंपनी पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। बार बार हड़ताल से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कारगी डंपिंग साइट पर कूड़े के ढेर लग रहे हैं। वार्ता के दौरान दीपक पंवार, करन घाघट, सागर भारती, आकाश, निक्कू, सूरज आदि मौजूद थे।

# सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं

विकासनगर। मिशन 2024 के तहत 400 लोकसभा सीटों के लक्ष्य को साधने के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेबल पर काम करना शुरू कर दिया है। भाजपा की ओर से अब लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए मंगलवार को विकासनगर ग्रामीण मंडल की चीलियो स्थित एक रिजॉर्ट में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में टिहरी लोकसभा में चिह्नित किए गए पार्टी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि टिहरी लोकसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के जेहन में इन योजनाओं की यादों को ताजा कराना है। जनता को यह बताना है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं, वो सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची हैं। केंद्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए वायदों को पूरा किया है। पीएम आवास से पक्का घर में रहने का सपना साकार किया गया है। रसोई के धुएं को उज्ज्वला की लौ से दूर किया गया है। खुले में शौच पर पाबंदी के लिए शौचालय देकर घर की महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा की गई है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए लाभ पहुंचाया गया है।

विधायक ने कहा कि कारीगर और श्रमिकों के लिए विश्वकर्मा योजना तो गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने की पहल हुई है। घर-घर में पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरुआत हुई। कार्यशाला में विधायक ने उन तमाम केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी जिन्हें अपने दो कार्यकाल में मोदी सरकार ने धरातल पर उतारने की पहल की है। इसके साथ ही लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर कई सलाह दी। मंडल अध्यक्ष खजान नेगी ने कहा कि कार्यशाला में दिए गए निर्देशों के बाद सभी कार्यकर्ता धरातल पर लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने की पहल करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री अमित डबराल, अनिल कुमार, अनुज गुलेरिया, मोहित ठाकुर, सुभाष सकलानी आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय



# एमएसपी प्रस्ताव खारिज

किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें दलहन, कपास, मक्की, उड़द और अरहर की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का आश्वासन दिया गया था। फसलों की मात्रा की भी कोई सीमा तय नहीं की गई थी। कृषि मंत्री समेत तीन केंद्रीय मंत्रियों ने 100 फीसदी एमएसपी पर सरकारी खरीद का प्रस्ताव दिया था। किसानों की अस्वीकृति निराशाजनक और नकारात्मक है। चूंकि पंजाब के ज्यादातर किसान आंदोलित हैं और अब हरियाणा के कुछ किसान भी सुगबुगा रहे हैं, लिहाजा वे गेहूं और धान समेत 23 फसलों के एमएसपी की गारंटी मांग रहे हैं। दालें, मक्की, कपास ऐसी फसलें हैं, जिनमें गेहूं, धान, गन्ने की तुलना में पानी की कम खपत होती है। पंजाब में भूजल की स्थिति संकट में है। केंद्र सरकार ने यह प्रस्ताव फसलों के विविधीकरण के तहत दिया था और 5 साल के लिए अनुबंध करने को भी वह तैयार थी, लेकिन किसानों ने इसे 'गुमराहपूर्ण' करार दिया। किसानों के आरोप हैं कि एमएसपी की गारंटी पर अब भी केंद्र सरकार गंभीर नहीं है और वक्त गुजारने की कोशिश कर रही है। नतीजतन किसान संगठनों ने 21 फरवरी को 'दिल्ली कूच' का आह्वान नए सिरे से किया है। अब भाजपा नेताओं के घरों के बाहर धरने दिए जाएंगे और व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन भी किए जाएंगे। पंजाब और हरियाणा ही नहीं, बल्कि मप्र और तेलंगाना के किसानों की भी शिकायत रही है कि उन्हें मक्की, दलहन, तेल-बीज, कपास आदि फसलों पर कोई खास प्रोत्साहन नहीं दिया जाता। एमएसपी पर खरीद में भी कई विसंगतियां हैं। सरकार ने जो प्रस्ताव दिया था, वह पंजाब, हरियाणा के किसानों के लिए सटीक फॉर्मूला नहीं है, क्योंकि वे प्रस्तावित फसलें नगण्य ही पैदा करते हैं। मप्र, गुजरात, कर्नाटक, बंगाल आदि राज्यों के किसान प्रस्तावित फसलों की पैदावार अधिक करते हैं। इन फसलों की बिक्री के लिए सरकार के पास कोई निश्चित 'दुकान' भी नहीं है, लिहाजा नैफेड और कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया जैसी सरकारी एजेंसियों को खरीदी हुई फसलों को बाजार में ही बेचना पड़ता है। यदि कोई नुकसान होता है, तो उसे भारत सरकार को ही वहन करना पड़ता है। गौरतलब है कि जिन फसलों पर एमएसपी की व्यवस्था है, उनकी खेती में हिस्सेदारी करीब 28 फीसदी है, जबकि करीब 50 फीसदी किसान बागवानी, पशुपालन आदि में जुटे हैं। हरी सब्जियों, फल, दूध आदि पर कोई एमएसपी नहीं है। एमएसपी के दायरे में आलू, प्याज, टमाटर भी नहीं हैं, जिनके किसान औने-पौने दाम मिलने के कारण प्रलाप करते रहे हैं या अपनी फसलों को सड़कों पर फेंकते रहे हैं। क्या वे सभी किसान नहीं हैं? गौरतलब यह भी है कि एमएसपी वाली फसलों की विकास-दर मात्र 1.8 फीसदी है, जबकि बागवानी, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन आदि की विकास-दर, बीते 20 सालों के दौरान, 5 से 8 फीसदी रही है। सरकार कृषि पर 5 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी भी देती है। इसमें से 1.88 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी सिर्फ खाद, बीज आदि पर दी जाती है। क्या यह आर्थिक बोझ भारत सरकार पर नहीं है? क्या परोक्ष रूप से यह राशि किसानों को नहीं मिल रही है? दरअसल जिन्हें एमएसपी की व्यवस्था नसीब नहीं है, उन्होंने आज तक किसी भी आंदोलन की हुंकार नहीं भरी है। अर्थव्यवस्था में उन किसानों का अधिक योगदान है। हमारे देश में भूमि का आवंटन और स्वामित्व भी काफी असमान रहा है। मात्र 7 फीसदी जमींदार टाइप किसानों के पास करीब 46 फीसदी कृषि-भूमि है, जबकि 80 फीसदी किसानों के पास 30 फीसदी कृषि-भूमि है।

दैनिक न्यूज़ वायरस

संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फोन : 0135-4066790, 2672002

RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com

Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## खिलाड़ियों को ट्रैक सूट वितरित किए

विकासनगर। युवा कल्याण विभाग की ओर से मंगलवार को मिनी स्टेडियम शंकरपुर में प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रशिक्षण शिविर खेल महाकुंभ वर्ष 2023-24 का समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में जनपद देहरादून के छह विकासखंड के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को युवा कल्याण विभाग के खेल प्रशिक्षकों के द्वारा वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि शंकरपुर की ग्राम प्रधान श्रीमती बेबी रानी द्वारा प्रतिभागियों को किट और ट्रैक सूट वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोज कापड़ी, जितेंद्र वर्मा, संजय कुमार, प्रशिक्षक मनोज, प्रवीन, अनुज, मनमोहन, सुदर्शन, अनिल, हरिमोहन, नवीन, संजय, देव सिंह आदि मौजूद रहे।

## समर्पण, एकाग्रता से लिखी जा सकती है नई इबारतः बीईओ

विकासनगर। प्रखंड के खंड शिक्षाधिकारी की पदोन्नति के चलते अन्यत्र तैनाती होने पर मंगलवार को यहां नए अधिकारी ने कार्यभार संभाला। एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, प्राथमिक शिक्षक संघ और राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर नव नियुक्त बीईओ का स्वागत किया।

बीआरसी परिसर में शिक्षकों को संबोधित करते हुए नव नियुक्त खंड शिक्षाधिकारी विनीता नेगी कठैत ने कहा कि अधिकारी बदलते रहते हैं, लेकिन छात्रों के लिए शिक्षक महत्वपूर्ण हैं। कहा कि समर्पण, एकाग्रता व कत्र्तव्यनिष्ठता से शिक्षा में सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। आप समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं। पूर्णविश्वास है कि सरकार व समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए आप सभी बेसिक और माध्यमिक शिक्षा को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के भविष्य का विकास शिक्षकों के हाथ में है। बच्चे जीवन में क्या बनते हैं यह भी शिक्षकों पर निर्भर करता है। इससे पूर्व शिक्षकों ने निवर्तमान बीईओ के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए उनके द्वारा पूरी इमानदारी से निभाई गई जिम्मेदारियों और किए गए कार्यों को उजागर किया। कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनुशासन से कभी समझौता नहीं किया और भेदभाव से ऊपर उठकर बीईओ के पद की मर्यादा को बनाए रखा। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश कुमार, परविंदर सैनी, डॉ. नरेश कुमार, संकुल प्रभारी सरदार हरजिंदर सिंह, मिनस्ट्रियल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश ममगाईं, पीएल केष्टवाल, अंशुल जांगिड़, पुष्पेंद्र, सुनील कश्यप, अनिता आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएगी प्रदर्शनी

हरिद्वार। ऋषिकुल मैदान में बुधवार को विकसित भारत प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। संभावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। तीन दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से मोदी सरकार की पिछले दस साल की उपलब्धियों को बताया जाएगा। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और परिचित फाउंडेशन की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ से पूर्व मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने प्रेसवार्ता की। जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसके माध्यम से प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा। केंद्रीय और राज्य के प्रमुख संस्थान प्रदर्शनी में शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बुधवार को प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री आशु चौधरी, उपाध्यक्ष लव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### टैक्स में बढ़ोत्तरी से परिवहन व्यवसायी खफा

ऋषिकेश। उत्तराखंड बस ऑपरेटर्स महासंघ लाभ वाले रूटों पर रोडवेज की अनुबंधित बसों के संचालन से नाराज है। परिवहन कारोबारियों ने सरकार से टैक्स में की गई वृद्धि भी वापस लेने की मांग उठाई है। चेताया कि सरकार ने उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उत्तराखंड बस ऑपरेटर्स महासंघ ने संभागीय परिवहन अधिकारी से मुलाकात की। कहा कि सरकार ने टैक्स में बढोत्तरी के साथ रोडवेज की अनुबंधित बसों को लाभ वाले रूटों पर संचालन की अनुमति दी है। टैक्स बढोत्तरी वाहन मालिकों के हित में नहीं है। किराये में बढोत्तरी के लिए अभी तक कोई विचार नहीं किया गया है। टीजीएमओसी के अध्यक्ष जितेन्द्र नेगी ने कहा कि ऋषिकेश से कोटद्वार, देहरादून से टिहरी, घनसाली, लंबगांव और जोशीमठ रूट पर रोडवेज की अनुबंधित बसों का संचालन उचित नहीं है। बस ऑपरेटर्स महासंघ वर्ष 1943 से पर्वतीय रूटों पर बसों का संचालन कर रहा है। जबकि रोडवेज का गठन 1962 में किया गया है। उन्होंने नए रूटों पर अनुबंधित बसों का संचालन बंद करने की मांग सरकार से उठाई है। परिवहन कारोबारियों ने संभागीय परिवहन अधिकारी से उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का अनुरोध किया। मौके पर यातायात संघ के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज ध्यानी, प्यारेलाल जुगरान, भोपाल सिंह, योगेश उनियाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा का कहना है कि उत्तराखंड बस ऑपरेटर्स महासंघ की मांगें सरकार तक पहुंचाई जाएंगी। परिवहन व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। - सुनील शर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून

### एनएसएस के स्वयं सेवकों ने महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति का सर्वे किया

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत मंगलवार को व्यास नहरी, रुहाड़ा, कालसी क्षेत्र में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण किया। स्वयंसेवियों ने पाया कि महिलाओं की स्थिति समय के साथ-साथ बेहतर हो रही है। महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य से संबंधित हुए सर्वेक्षण को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की स्थिति सदैव एक समान नहीं रही है। इसमें युगानुरूप परिवर्तन होते रहे हैं। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ हुई है, परिवार और समाज में उन्हें सम्मान प्राप्त हो रहा है।

स्वयंसेवियों के सर्वेक्षण में पाया कि वर्तमान पीढ़ी की 90 प्रतिशत बेटियां प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, जबकि उच्च शिक्षा तक यह प्रतिशत घटता जाता है। हालांकि ब्यास नहरी, कालसी और जौनसार बावर क्षेत्र में जनजाति का लाभ महिलाओं को भी प्राप्त हुआ है, जिसके कारण कुछ महिलाओं को सरकारी नौकरी, जनप्रतिनिधि के रूप में चुने जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं पर हुए सर्वेक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने पाया है कि आधुनिक समय में महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। धूम्रपान और नशे का प्रचलन बढने से महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिस पर सरकार को सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत है। सर्वेक्षण में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार भाटिया, तुषार कपूर, चैत राम, सचिन आदि शामिल रहे।

### चकराता में सीडीपीओ ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई

विकासनगर। बाल विकास परियोजना की ओर से चकराता क्षेत्र में मंगलवार को नई चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं और नव मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने किया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई छावनी बाजार स्थित कैंट प्राइमरी पाठशाला में अभिभावक और स्थानीय महिलाओं के साथ ही आसपास के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सीडीपीओ नीलम जायसवाल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महात्सव है, जिसमें भाग लेने से हम देश के विकास में अपना अहम योगदान देते हैं। कहा कि भारतीय संविधान में मतदान के जरिए जनता को प्रत्येक पांच साल में सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है। इस अधिकार का उपयोग प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए, जिससे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र की जड़ें मजबूत बनी रह सकें। उन्होंने महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र का सही अर्थ मतदान सहभागिता से होता है। जनता के हाथ में यह ऐसा हथियार है जिससे वह अपनी बात मनवा सकती है। लिहाजा चुनाव के दौरान नागरिकों को सारे काम छोड़कर मतदान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपने क्षेत्र और समाज के लिए मतदान जरूरी है। सही प्रत्याशी के चुनाव से ही सभी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर रुचिका, फिरदौस, सुशील राणा, सविता, कमला आदि मौजूद रहे।

### अंबीवाला में 28 लाख की लागत से होगी सड़क चकाचक

विकासनगर। सहसपुर क्षेत्र के अंबीवाला में ग्रामीणों को जल्द ही गड्ढा मुक्त सड़कों पर आवागमन करने से निजात मिलेगी। यहां 28.54 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य मंगलवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने शुरू कराया। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में बेहतर आवागमन की सुविधा मुहैया कराना सरकार का लक्ष्य है। विधायक ने बताया अंबीवाला में निर्माण कार्य को राज्य योजना के तहत स्वीकृत कराया गया है, जिसमे लोक निर्माण विभाग के माध्यम से आंतरिक मार्गों का सुधारीकरण किया जाएगा। कहा कि लोक सभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पूर्व सभी स्वीकृत योजनाओं का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इसके साथ ही जिन योजनाओं के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति मिली है, उन्हें वित्तीय स्वीकृति दिलाई जाएगी, जिससे कि उन पर भी कार्य शुरु किया जा सके। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को सभी कार्य समय पर कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अधिशासी अभियंता प्रवीण कर्णवाल, कनिष्ठ अभियंता मान सिंह, सुरेंद्र नेगी, अरुण भट्ट, सुरेश उनियाल, कमल किशोर, राजेश कुमार, शिशुपाल सिंह चौहान, लाल सिंह राणा, गुमान सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### गुंडा एक्ट के आरोपी को जिलाबदर किया

हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी के आदेश के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने गुंडा एक्ट में निरुद्ध आरोपी को जिलाबदर कर दिया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुकेश पुत्र रमेश अग्रवाल निवासी-दुर्गा नगर खड़खड़ी के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। मंगलवार को आरोपी को अपर जिलाधिकारी की तरफ से आदेश होने पर जिले की सीमा पार करा दी गई। चेताया गया कि निर्धारित अवधि के अंदर जिले में प्रवेश करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तरकाशी सिल्कयारा सुरंग को लेकर गठित पैनल ने दी रिपोर्ट, मिली खामिया

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तरकाशी के सिल्कयारा सुरंग पर उत्तराखंड सरकार द्वारा गठित पैनल ने रिपोर्ट में खामियों का जिक्र किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरंग परियोजना की डिजाइन प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में विस्तृत भू-तकनीकी और भूभौतिकीय जांच नहीं कराई गई थी। विदित हो कि पिछले साल 2023 में नवंबर महीने में सिल्कयारा सुरंग में 41 श्रमिक 17 दिनों तक फंसे रहे थे।

ष्भविष्य की परियोजनाओं को अप्रत्याशित भूवैज्ञानिक आश्चर्यों को कम करने के लिए व्यापक साइट अध्ययन को प्राथमिकता देनी चाहिए। सुरंग परियोजनाओं को शुरू करने से पहले संपूर्ण भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण करना महत्वपूर्ण है। इसमें चट्टान संरचनाओं, भूकंपीय गतिविधि और संभावित जोखिमों का आकलन करना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरंगों को भूवैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, 70 पेज की रिपोर्ट में यह कहा गया है।

12 नवंबर को, सुरंग ढहने की जांच के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा छह सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। उत्तराखंड भूस्खलन शमन और प्रबंधन केंद्र के निदेशक शांतनु सरकार समिति के अध्यक्ष थे, और वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिक खिंग शिंग लुराई, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिक सुनील कुमार यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रूडक़ी थे।

कौशिल पंडित, भूविज्ञान एवं खनिज विज्ञान विभाग के उप निदेशक जीडी प्रसाद और यूएसडीएमए देहरादून के भूविज्ञानी तंद्रिला सरकार समिति के सदस्य थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीपीआर चरण के दौरान बोरहोल की संख्या अपर्याप्त प्रतीत होती है। अधिक खोजपूर्ण बोरहोल और भूभौतिकीय जांच करने से महत्वपूर्ण भूवैज्ञानिक विशेषताओं की पहचान की जा सकती है और निर्माण के दौरान जोखिम को कम किया जा सकता है।

बोरहोल सुरंग निर्माण के लिए आवश्यक हैं, जो किसी विशिष्ट स्थान पर सुरंग के निर्माण की व्यवहार्यता निर्धारित करने के लिए उपसतह की भूवैज्ञानिक और जल विज्ञान स्थितियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विरूपण और तनाव माप के लिए वास्तविक समय की वाद्य निगरानी की कमी के रूप में एक महत्वपूर्ण अंतर था क्योंकि निरंतर निगरानी प्रणाली को लागू करने से प्रारंभिक चेतावनी मिल सकती है और समग्र सुरक्षा बढ़ सकती है।

इसमें कहा गया है किसमय-समय पर की जाने वाली मैन्युअल निगरानी, उभरती स्थितियों में समय पर अंतर्दृष्टि प्रदान नहीं कर सकती है। वास्तविक समय की निगरानी की ओर बढने से सुरंग के भीतर गतिशील स्थितियों के लिए सक्रिय प्रतिक्रिया मिल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरंग में त्रासदी की स्थिति में निकासी योजना का अभाव था।

एक निकासी योजना को लागू करना, जैसे कि कंक्रीट ह्यूम पाइप स्थापित करना, ढहने की त्रासदी की स्थिति में त्वरित निकासी की सुविधा के लिए आवश्यक है। कार्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निकासी के लिए एक अलार्म प्रणाली को शामिल करना आवश्यक होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिल्क्यारा-बारकोट सुरंग का विस्तृत सुरक्षा ऑडिट आवश्यक है। इसमें कहा गया है, ष्पूर्णता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

सुरंग निर्माण परियोजनाओं में सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देना सर्वोपरि है।ष् भविष्य में जोखिम कम करने के लिए, रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि ऐसी घटनाओं के लिए परियोजना विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जानी चाहिए और श्रमिकों को उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए, एक तकनीकी सलाहकार समिति जिसमें जीएसआई, एनजीआरआई, वाडिया जैसी एजेंसियों के विशेषज्ञ शामिल हों।

ओएनजीसी, आरवीएनएल का गठन किया जाना चाहिए और इसे नियमित अंतराल पर सुरंग का दौरा करना चाहिए, सुरंग ढहने के लिए एक विस्तृत और परिदृश्य विशिष्ट आपातकालीन योजना तैयार की जानी चाहिए, और ऐसी नियमित निगरानी के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर एक अंतरविभागीय समन्वय समिति का गठन किया जाना चाहिए।

नाजुक हिमालय में परियोजना। भूवैज्ञानिक आश्चर्यों से निपटने के लिए, डिज़ाइन इंजीनियरों को विचलन की पहचान करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के लिए नियमित निरीक्षण करना चाहिए।

## गुरु रविदास की सोने की पालकी यात्रा का स्वागत

हरिद्वार। संत शिरोमणि गुरु रविदास की सोने की पालकी यात्रा मंगलवार को जालंधर पंजाब से हरिद्वार पहुंची। यहां सोने की पालकी को नगर भ्रमण कराया गया। जगह-जगह पालकी यात्रा का फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। पुल जटवाड़ा पर समाजसेवी राजवीर सिंह कटारिया और बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुशील कुमार के संयोजन में पालकी यात्रा में जालंधर से पधारे संत बाबा निर्मल दास, संत परमजीत दास, श्रवण दास, संत इन्द्र दास, संत निर्मल दास, संत गुरु, सतपाल दास का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संत बाबा निर्मल दास ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के जीवन आदर्शों से समाज को प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दिये गये ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। शिक्षित समाज ही राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे सकता है। राजवीर सिंह कटारिया और एडवोकेट सुशील कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के जीवन आदर्शों को आत्मसात कर समाज को गति प्रदान करें। पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक समरसता के सच्चे संवाहक थे। मेहरचन्द दास ने कहा कि दलित समाज के उत्थान में सभी को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। इस दौरान पालकी यात्रा में संत श्रवणदास, संत इंद्रदास, संत सतपाल दास, कृष्ण कुमार, प्रदीप नौटियाल, किशन पाल, प्रवीण कुमार मौर्य, पुनीत कुमार, मुकेश नौटियाल, देशराज राठौर, तीर्थपाल रवि, प्रियव्रत, परवीन आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

हरिद्वार। कन्या गुरुकुल परिसर हरिद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जमालपुर कलां में प्रारम्भ हुआ। जिसका कन्या गुरुकुल की समन्वयिका प्रो. सुचित्रा मलिक व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता मदान ने दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रो. सुचित्रा मलिक ने छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता मदान ने किया। डॉ. मदान ने सात दिवसीय शिविर के रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चौधरी कल्याण सिंह, चौधरी प्रमिल, राहुल प्रकाश, रीता सहरावत, राजेश कुमार, तरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रमाण देने पर ही एसडीआरएफ में रखे प्रस्तावों पर होगा विचार

उत्तरकाशी। आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपत्तियों की मरम्मत के लिए डीएम डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के प्रस्तावों में विभागों को निर्धारित मानकों का पूरा अनुपालन करने की बात कही है। उन्होंने ऐसे कार्यों के लिए केवल एक ही स्रोत से वित्त पोषण किए जाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ही एसडीआरएफ में रखे गए प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। शुक्रवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने एसडीआरएफ के तहत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की समीक्षा की। कहा कि व्यापक जनहित को सर्वोपरि रख आपदा से अधिक प्रभावित क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सडक़ों, पेयजल योजनाओं सहित स्कूल भवनों की मरम्मत के काम को प्राथमिकता दी जाएगी।

## यूकेडी ने बैठक में भावी रणनीति पर चर्चा की

कोटद्वार। उत्तराखंड क्रांति दल की स्थानीय इकाई की ओर से शिब्बू नगर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी की भावी रणनीति पर चर्चा की गई। पार्टी नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि यूकेडी संसदीय चुनाव में भू-कानून, मूल निवास 1950, जल, जंगल, जमीन पर जनता के अधिकार, पलायन रोकने के लिए पहाड़ के लोगों के हित में योजनाओं का निर्माण, कण्वाश्रम का विकास, मोटर नगर बस अड्डे का निर्माण और चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण जैसे मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में सम्मिलित करेगी।

## मानक अनुसार विकास कार्यों को पूरा करें: सीडीओ

उत्तरकाशी। सीमांत क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुये सीडीओ जय किशन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को गम्भीरता पूर्वक कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की हिदायत दी। कहा कि सीमांत क्षेत्रों में जो भी विकास कार्य हो उन्हें विभाग मानकों के अनुसार ही संपन्न कराएं। शिकायत आने पर संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।सोमवार को सीडीओ जय किशन ने अधिकारियों के साथ सीएमबीएडीपी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिये सम्बन्धित विभागीय अधिकारी अवमुक्त धनराशि को शीघ्र खर्च करें और इसकी सूचना विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कि जिन कार्यों की अभी तक ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, उन पर विभाग तत्काल कार्यवाही अमल में लाएं। इन कार्यों में किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी द्य उन्होंने सीमांत क्षेत्रों के विद्यालयों में आधुनिक रुप से स्थापित पुस्तकालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं व अन्य बौद्धिक स्तर की किताबों को शीघ्र क्रय करने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिये द्य उन्होंने इस मौके पर पर्यटन, कृषि, उद्यान, मत्स्य, विद्युत, उरेडा, सिंचाई, ग्राम्य विकास, ग्रामीण निर्माण, स्वास्थ्य, वन आदि रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की।

## यूकेडी ने बैठक में भावी रणनीति पर चर्चा की

कोटद्वार। उत्तराखंड क्रांति दल की स्थानीय इकाई की ओर से शिब्बू नगर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी की भावी रणनीति पर चर्चा की गई। पार्टी नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि यूकेडी संसदीय चुनाव में भू-कानून, मूल निवास 1950, जल, जंगल, जमीन पर जनता के अधिकार, पलायन रोकने के लिए पहाड़ के लोगों के हित में योजनाओं का निर्माण, कण्वाश्रम का विकास, मोटर नगर बस अड्डे का निर्माण और चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण जैसे मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में सम्मिलित करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### घेराबंदी होने पर पुलिस पर झोंका फायर, दबोचे लूट के आरोपी

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र के हजाराग्रंट में फाइनेंसकर्मी से लूट की वारदात का खुलासा करते हुए मास्टर माइंड समेत दो आरोपियों को सिडकुल पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों ने घेराबंदी होने पर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि पुलिसकर्मी बाल बाल बच गया। वारदात में शामिल चार आरोपी हत्थे नहीं चढ़ सके, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस टीम जगह-जगह दबिश दे रही है। आरोपियों के कब्जे से पचास हजार की रकम, असलहा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने मंगलवार को कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी राहुल कुमार से उस वक्त करीब डेढ़ लाख की नगदी लूट ली गई थी जब वह हजाराग्रंट से वसूली कर लौट रहा था। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर पुलिस टीम घटना के खुलासे में जुट गई थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार शाम को ओशो आश्रम के पास पीर वाली गली में दो आरोपियों की घेराबंदी कर ली।

घेराबंदी होने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों को जैसे तैसे दबोच लिया।

एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों के नाम शिवकुमार पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम हुसैनपुर नवादा थाना फतेहपुर सहारनपुर यूपी और गुलाम साबिर पुत्र स्माइल निवासी ग्राम हजारा ग्रंट है। अंकित, राजा, नकुल निवासीगण फतेहपुर सहारनपुर और नूनपुर मुजफ्फरनगर एवं आबिद निवासी हजाराग्रंट फरार चल रहे हैं, जिन्हें भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अयोध्या के लिए निशुल्क बसें उपलब्ध कराएं

हरिद्वार। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुछ लोगों ने अयोध्या जाने के लिए बसों की व्यवस्था कराने की मांग उठाई, ताकि वे भगवान श्री रामलला के दर्शन कर सके। मंगलवार को वेद मंदिर आश्रम में यतीश्वरानंद ने जनता दरबार लगाया। जिसमें किसानों ने गन्ना लगाने के लिए अच्छी वैरायटी के बीज उपलब्ध कराने की मांग उठाई। किसानों ने बताया कि कुछ समितियों में यूरिया की उपलब्धता कम है, जबकि इस समय गेहूं की फसल के लिए यूरिया की जरूरत है। किसानों ने दालों के बीज भी उपलब्ध कराने की मांग उठाई। जिस पर स्वामी यतीश्वरानंद ने जिला कृषि अधिकारी के साथ सहायक गन्ना आयुक्त से किसानों की समस्या को दूर कराने को निर्देश दिए। मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, जमालपुर कलां के निवासियों ने आबादी क्षेत्र में हाथी आने की समस्या उठाई। रोशनी देवी, शर्मिला बगवाड़ी, पिंकी देवी, सुभाष चौहान, चेतन चौहान, फूलदेई ने मांग उठाई कि उन्हें अयोध्या में भगवान श्री रामलला मंदिर के दर्शन करने हैं, यात्रा के लिए उनके लिए निशुल्क बस उपलब्ध कराई जाए। स्वामी यतीश्वरानंद ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र या आसपास के निवासियों, जोकि अयोध्या जाना चाहते हैं, उनकी सूची उपलब्ध कराएं, ताकि संख्या के अनुरूप बसें उपलब्ध कराई जा सकें।

### दहेज के लिए महिला की हत्या में पति को 10 वर्ष की कैद

हरिद्वार। दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला की हत्या करने के दोषी पति को द्वितीय अपर जिला जज संजीव कुमार ने 10 वर्ष कठोर कैद की सजा सुनाई है।शासकीय अधिवक्ता राजकुमार राणा ने बताया कि ज्वालापुर सुभाष नगर निवासी गोपीचंद की पुत्री पूजा की शादी फरवरी 2020 में सनी पुत्र राजेंद्र निवासी जमालपुर कलां कनखल के साथ हुई थी। आरोप था कि शादी के बाद से ही पूजा को उसका पति सनी, ससुर राजेंद्र, जेठ राजकुमार और जेठानी ममता दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। ससुरालियों के प्रताड़ित करने की वजह से शादी के चार माह बाद ही पूजा अपने मायके में आकर रहने लगी थी। आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वाले खराब सामान देना कहकर परेशान करते थे। साथ ही दहेज में मोटरसाइकिल के लिए एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। कुछ दिन बाद शिकायतकर्ता गोपीचंद ने समझाकर पुत्री पूजा को उसकी ससुराल भेजा था। इसके बाद 23 दिसंबर 2020 को पूजा की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। घटना के संबंध में पूजा के पिता गोपीचंद ने कनखल पुलिस में पूजा के पति सनी, ससुर,जेठ और जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में सरकारी पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने पूजा के पति सनी को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कठोर कैद की सजा सुनाई है। जबकि ससुर, जेठ और जेठानी को साक्ष्य की कमी के चलते केस से बरी कर दिया है।

### विधायक ने सडक़ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने कटारपुर सहित अन्य गांवों में सडक़ के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। विधायक ने बताया कि उन्होंने जो धनराशि विकास कार्य के लिये स्वीकृत कराई है, वह उनका क्षेत्र में विकास करने के लिए जगह-जगह शुभारंभ कर रही हैं। बताया कि क्षेत्र में जनता की अधिकांश शिकायत नालियां, पुलिया, सडक़, पानी, निकासी को लेकर हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान सचिन, नदीम प्रधान, मोती राम, अंबरीश कुमार, जसबीर, नाथीराम चौहान, नाग सिंह, रविंदर चौधरी, तबरेज आलम आदि शामिल रहे।

### आयोग ने प्रवक्ता पदों पर अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की सूची जारी की

हरिद्वार। आयुर्वेदिक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रवक्ता, प्राध्यापक (क्रिया शरीर, द्रव्य गुण, रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, रोग निदान, अंगद तंत्र एवं विधि आयुर्वेद, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग, कौमार भृत्य, काय चिकित्सा, शालाक्य तंत्र रचना शरीर, शल्य तंत्र, पंचकर्म) के रिक्त 31 पदों पर चयन के लिए लोक सेवा आयोग ने मार्च 2005 में विज्ञापन जारी किया था। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि इस परीक्षा के साक्षात्कार के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत प्राप्त अनुरोध पत्रों के क्रम में आयोग ने 23 से 25 अक्तूबर 2007 तक एवं 21 अक्तूबर, 2010 को सम्पन्न साक्षात्कार में प्रवक्ता पदों के अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की सूचि वेबसाइट पर जारी की है। बताया कि इस परीक्षा का चयन परिणाम पूर्व में ही जारी कर दिया गया था।

### देर रात तक डीजे बजाने पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र में बैंक्वेट हॉल में देर रात तक डीजे बजाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त कर लिया। ग्राम प्रधान फेरुपुर मीनू सैनी, चांदपुर अमित कुमार सैनी, पंकज चौहान, तस्लीम अहमद, प्रदीप चौहान, साजिद अली, जाफिर हसन, गुलनाज अंसारी का कहना है कि इस समय छात्र-छात्राएं परीक्षा को लेकर तैयारियों में जुटे हैं ऐसे में तेज आवाज में बजने वाले डीजे से छात्रों का ध्यान भटकता है। पुलिस ने तेज ध्वनि से बजाने वाले दो बैंक्वेट हाल स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही डीजे को जब्त कर लिया है। फेरुपुर चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने बताया रात में डीजे तेज ध्वनि से बजाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई है।